# न्यायालय–बारहवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, इन्दौर (म.प्र.)
## (समक्ष–चैतन्य अनुभव चौबे)

**Reg.No.MJC SUC-108/2025**
**Filing No.-4175/2025**
**CNR No. MP0901-028327-2025**
**Filing Date-02-05-2025**

श्रीमती अलका पति स्व. श्री रविन्द्र जैन
उम्र–58 वर्ष, व्यवसाय–गृहकार्य
निवासी–334, आलोक नगर, इन्दौर, म.प्र.
पुलिस थाना कनाड़िया, इन्दौर, म.प्र.

..........................**आवेदिका**

**–:: विरूद्ध ::–**

1. सर्वसाधारण
2. रौनक पिता स्व. श्री रविन्द्र जैन
उम्र–32 वर्ष, व्यवसाय–नौकरी
निवासी–334, आलोक नगर, इन्दौर, म.प्र.
3. अनुज पिता स्व. श्री रविन्द्र जैन
आयु– 28 साल, व्यवसाय–व्यापार
निवासी– 334, आलोक नगर, इन्दौर, म0प्र0

..................**अनावेदकगण**

**–:: आदेश ::–**

**(आज दिनांक 07/04/2026 को पारित)**

**1–** इस आदेश द्वारा आवेदिका की ओर से प्रस्तुत आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम का निराकरण किया जा रहा है।

**2–** आवेदन संक्षेप में इस प्रकार है कि आवेदिका मृतक रविन्द्र जैन पिता स्व. श्री मानसिंह जैन की पत्नि है। मृतक का स्वर्गवास दिनांक 12.12.2016 को शहर गोंदिया (महा.) में हो गया है। अनावेदक क्रमांक 2 व 3 मृतक के पुत्रगण है। मृतक अपनी मृत्यु के पूर्व तक शहर इन्दौर का स्थायी निवासी था। आवेदिका एवं अनावेदक क्रमांक 2 व 3 के अलावा मृतक के हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के वंशावली अनुसार अन्य कोई प्रथम पंक्ति के वारिसान नहीं है। मृतक रविन्द्र जैन के द्वारा अपने जीवनकाल में विभिन्न कंपनियों के शेयर्स अलग–अलग शेयर सर्टिफिकेट के माध्यम से क्रय किये गये थे, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

7/4/26

| क. | दिनांक | कंपनी का नाम | शेयर्स की संख्या | फोलियो नंबर | मूल्य प्रति शेयर (रूपये) | कुल मूल्य (रूपये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14-08-2017 | Aditya Birla Capital Ltd. | 1 | ABC0336454 | 10 | 10 |
| 2 | 27-01-2016 | Aditya Birla Fasion & Retail Ltd. | 5 | 35052 | 10 | 50 |
| 3 | 23-03-2004 | Agritech (India) Ltd. | 20 | 5661 | 10 | 200 |
| 4 | 31-10-1996 | Anjani Solvents India Ltd. | 500 | 3173 | 10 | 5000 |
| 5 | 12-08-1989 | All Saasons Foods Ltd. | 45 | RE010519 | 10 | 450 |
| 6 | 03-03-1996 | Beryl Drugs Ltd. | 100 | 9433 | 10 | 1000 |
| 7 | 13-01-1986 | Bhagwati Autocast Ltd. | 12 | R/00365 | 10 | 120 |
| 8 | 01-09-1981 | Bharat Alums & Chemicals Ltd. | 10 | R-357 | 10 | 100 |
| 9 | 01-09-1981 | Bharat Alums & Chemicals Ltd. | 1 | R-357 | 10 | 10 |
| 10 | 26-06-2004 | Binani Industries (Zinc) Ltd. | 11 | 79119 | 10 | 110 |
| 11 | 22-03-2016 | Crompton Greaves Consumer Elect. LTC | 61 | CGC0120615 | 2 | 122 |
| 12 | 19-08-2006 | Crompton Greaves Ltd. | 25 | 62190 | 2 | 50 |
| 13 | 18-12-2006 | Crompton Greaves Ltd. | 10 | 62190 | 2 | 20 |
| 14 | 10-03-2010 | Crompton Greaves Ltd. | 26 | 62190 | 2 | 52 |
| 15 | 20-07-1993 | D.S. Kulkarni Developers Ltd. | 60 | R00963 | 10 | 600 |
| 16 | 10-09-1997 | Design Auto System Ltd. | 100 | 21018 | 10 | 1000 |
| 17 | 08-07-1985 | First Leasing Co. of | 25 | R1057 | 10 | 250 |

7/4/26

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | India Ltd. | | | | |
| 18 | 09-07-2017 | Grasim Industries Ltd. | 1 | GRA0321462 | 2 | 2 |
| 19 | 28-02-1997 | H-Lon Hosiery Ltd. | 500 | 45141 | 10 | 5000 |
| 20 | 28-02-1997 | H-Lon Hosiery Ltd. | 500 | 45141 | 10 | 5000 |
| 21 | 26-07-2012 | Integra Engineering India Ltd. | 15 | R01972 | 1 | 15 |
| 22 | 26-07-2012 | Integra Engineering India Ltd. | 30 | R01345 | 1 | 30 |
| 23 | 30-09-1996 | Interads Export Ltd | 200 | 1039 | 10 | 2000 |
| 24 | 15-09-1995 | Janak Turbo Dynamics Ltd. | 300 | 13253 | 10 | 3000 |
| 25 | 07-12-1979 | Jonas Woodhead & Sons (India) Ltd. | 25 | JA-43 | 10 | 250 |
| 26 | 10-02-1981 | L.D. Textile Industries Ltd. | 25 | R01191 | 10 | 250 |
| 27 | 07-02-1992 | LML Ltd. (Lohia Machines Ltd.) | 6 | 242252 | 10 | 60 |
| 28 | 07-02-1992 | LML Ltd. (Lohia Machines Ltd.) | 3 | 242252 | 10 | 30 |
| 29 | 07-02-1992 | LML Ltd. (Lohia Machines Ltd.) | 2 | 242252 | 10 | 20 |
| 30 | 07-02-1992 | LML Ltd. (Lohia Machines Ltd.) | 2 | 242252 | 10 | 20 |
| 31 | 07-02-1992 | LML Ltd. (Lohia Machines Ltd.) | 2 | 242252 | 10 | 20 |
| 32 | 07-02-1992 | LML Ltd. (Lohia Machines Ltd.) | 2 | 242252 | 10 | 20 |
| 33 | 07-02-1992 | LML Ltd. (Lohia Machines Ltd.) | 2 | 242252 | 10 | 20 |
| 34 | 07-02-1992 | LML Ltd. (Lohia Machines Ltd.) | 2 | 242252 | 10 | 20 |
| 35 | 07-02-1992 | LML Ltd. (Lohia Machines Ltd.) | 2 | 242252 | 10 | 20 |
| 36 | 07-02-1992 | LML Ltd. (Lohia Machines Ltd.) | 2 | 242252 | 10 | 20 |

7/4/26

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | 07-02-1992 | LML Ltd. (Lohia Machines Ltd.) | 2 | 242252 | 10 | 20 |
| 38 | 07-02-1992 | LML Ltd. (Lohia Machines Ltd.) | 2 | 242252 | 10 | 20 |
| 39 | 07-02-1992 | LML Ltd. (Lohia Machines Ltd.) | 4 | 242252 | 10 | 40 |
| 40 | 17-05-1983 | M.P. Uni-Magna-Tech Limited | 50 | R-500 | 10 | 500 |
| 41 | 11-08-1986 | M.P. Uni-Magna-Tech Limited | 50 | MT R-500 | 10 | 500 |
| 42 | 31-08-1996 | Mac Industries Ltd. | 100 | 5048580 | 10 | 1000 |
| 43 | 20-11-1988 | Maheshwari Proteins Ltd. | 50 | R 3853 | 10 | 500 |
| 44 | 30-12-1995 | Maruti Syntex (India) Ltd. | 100 | 54991 | 10 | 1000 |
| 45 | 30-12-1995 | Maruti Syntex (India) Ltd. | 100 | 54991 | 10 | 1000 |
| 46 | 30-10-1990 | Metalman Pipe Mfg. Co. Ltd. | 100 | MM 6497 | 10 | 1000 |
| 47 | 31-12-1983 | Mid-West Leasing Ltd. | 25 | 16290 | 10 | 250 |
| 48 | 22-12-1992 | Mid-West Leasing Ltd. | 1 | 16290 | 10 | 10 |
| 49 | 28-01-1988 | Nagarjuna Finance Ltd. | 50 | NFR4879 | 10 | 500 |
| 50 | 28-01-1988 | Nagarjuna Finance Ltd. | 25 | NFR4879 | 10 | 500 |
| 51 | 28-01-1988 | Nagarjuna Finance Ltd. | 25 | NFR4879 | 10 | 500 |
| 52 | 28-01-1988 | Nagarjuna Finance Ltd. | 25 | NFR4879 | 10 | 500 |
| 53 | 28-01-1988 | Nagarjuna Finance Ltd. | 25 | NFR4879 | 10 | 500 |
| 54 | 23-03-2004 | Nath Bio-Genes (India) Ltd. | 22 | 5661 | 10 | 220 |
| 55 | 21-06-1996 | Nova Steels (India) | 100 | 169050 | 10 | 1000 |

7/4/26

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Ltd. | | | | |
| 56 | 18-09-1995 | Packtech Industries Ltd. (Swojas Plastic Industries Ltd. | 100 | 251705 | 10 | 1000 |
| 57 | 18-09-1995 | Packtech Industries Ltd. (Swojas Plastic Industries Ltd. | 100 | 251705 | 10 | 1000 |
| 58 | 02-01-1997 | Premier Plantations Ltd. | 100 | V-3721 | 10 | 1000 |
| 59 | 26-09-1995 | Prima Agro Product Limited | 100 | 44514 | 10 | 1000 |
| 60 | 26-09-1995 | Prima Agro Product Limited | 200 | 44514 | 10 | 2000 |
| 61 | 21-09-1998 | Raaj Medisafe India Ltd. (Manoj Surgical Industries Ltd.) | 500 | 013607 | 10 | 5000 |
| 62 | 10-10-1995 | Rattan Vanaspati Limited | 500 | 4059 | 10 | 5000 |
| 63 | 24-02-1997 | Real Value Appliances Ltd. | 100 | R 12324 | 10 | 1000 |
| 64 | 24-02-1997 | Real Value Appliances Ltd. | 100 | R 12324 | 10 | 1000 |
| 65 | 24-02-1997 | Real Value Appliances Ltd. | 100 | R 12324 | 10 | 1000 |
| 66 | 24-02-1997 | Real Value Appliances Ltd. | 100 | R 12324 | 10 | 1000 |
| 67 | 24-02-1997 | Real Value Appliances Ltd. | 100 | R 12324 | 10 | 1000 |
| 68 | 28-11-2009 | Reliance Industries Ltd. | 5 | 012420536 | 10 | 50 |
| 69 | 13-09-2017 | Reliance Industries Ltd. | 10 | 012420536 | 10 | 100 |
| 70 | 10-11-1994 | Ross Murarka Finance Limited | 200 | R 66172 | 10 | 2000 |
| 71 | 10-11-1994 | Ross Murarka Finance Limited | 100 | R 66172 | 10 | 1000 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 72 | 08-03-2004 | Sijberia Industries Ltd. | 20 | 1000100 | 10 | 200 |
| 73 | 30-07-1985 | SML Isuzu Ltd. (Swaraj Mazda Ltd.) | 100 | SW5448 | 10 | 1000 |
| 74 | 30-09-1996 | Sterling Kalksand Bricks Limited | 1000 | R 5282 | 10 | 10000 |
| 75 | 16-10-1996 | Surya Industries Corporation Ltd. | 100 | 741 | 10 | 1000 |
| 76 | 23-03-2004 | Tech India Nirman Ltd. (Nath Seeds Ltd.) | 58 | 0005661 | 10 | 580 |
| 77 | 30-11-1991 | Trend Electronics Ltd. | 100 | R-6706 | 10 | 1000 |
| 78 | 20-09-1995 | UCAL Power System Limited | 400 | 30060 | 10 | 4000 |
| 79 | 31-05-1997 | UNILIV Foods Ltd. | 200 | 8556 | 10 | 2000 |
| 80 | 05-10-1995 | Vitta Mazda Limited | 100 | R 3861 | 10 | 1000 |
| 81 | 05-10-1995 | Vitta Mazda Limited | 200 | R 3861 | 10 | 2000 |
| 82 | 06-06-1996 | Zenith Limited | 150 | R 05096 | 10 | 1500 |
| 83 | 12-11-2010 | Reliance Power Ltd. | 1 | 207330189 | 10 | 10 |
| 84 | 29-04-2005 | Prime Securities Limited | 200 | R10653 | 5 | 1000 |
| 85 | 26-08-1993 | Reliance Industries Limited | 5 | 12420536 | 10 | 50 |

**3–** आवेदन संक्षेप में आगे इस प्रकार है कि आवेदक के द्वारा मृतक के उपरोक्त वर्णित समस्त शेयर जब अपने नाम पर ट्रांसफर करने हेतु निवेदन किया गया तो उपरोक्त कंपनियों द्वारा आवेदक को न्यायालय से वारसा प्रमाण पत्र लाने हेतु मौखिक रूप से कहा गया। आवेदक एवं अनावेदक क्रमांक 2 व 3 के अलावा मृतक के अन्य कोई वारिसान नहीं है। अनावेदक क्रमांक 2 व 3 को आवेदक को मृतक का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र दिये जाने में कोई आपत्ति नहीं है। मृतक द्वारा अपने जीवनकाल में अपनी उक्त संपत्ति के संबंध में कोई वसीयतनामा अथवा अन्य कोई दस्तावेज निष्पादित नहीं किया गया है। मृतक द्वारा सूची अनुसार जो कंपनियों के शेयर्स क्रय किये गये थे, उनका कुल मूल्य

7/4/26

81,941/— रूपये है। अतः आवेदक के नाम से मृतक के द्वारा लिये गये शेयर के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया।

**4—** प्रकरण में आवेदक द्वारा अनावेदक कमांक 1 सर्व—साधारण के विरूद्ध प्रकाशन कराया गया है, लेकिन कोई आपत्तिकर्ता या व्यक्ति उपस्थित नहीं हुए हैं,, जिसके कारण अनावेदक कमांक 1 सर्व—साधारण के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अग्रेषित की गई है।

**5—** अनावेदक कमांक 2 एवं 3 की ओर से आवेदन का जवाब प्रस्तुत कर आवेदन में वर्णित समस्त कथनों को स्वीकार किया है तथा आवेदक के नाम से मृतक के द्वारा लिये गये आदेश की कंडिका 2 में उल्लेखित शेयर के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में अनावेदक कमांक 2 एवं 3 को कोई आपत्ति नहीं होना व्यक्त किया है।

**6—** प्रकरण में विचारणीय बिंदु निम्नानुसार हैः—

**1.** क्या आवेदक अलका जैन, मृतक रविन्द्र जैन की विधिक उत्तराधिकारी है ?

**2.** क्या आवेदक, मृतक रविन्द्र जैन की मृत्यु के उपरांत मृतक द्वारा आदेश की कंडिका 2 अनुसार क्रय किये गये विभिन्न कंपनियों के शेयर्स के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अधिकारी है ?

**3.** सहायता एवं व्यय ?

**<u>विचारणीय बिंदु क्रमांक—01 एवं 02 का सकारण निष्कर्ष—</u>**

**नोट—** <u>साक्ष्य एवं तथ्यों की पुनरावृत्ति को रोकने के आशय से दोनों विचारणीय बिंदुओं का निराकरण एक साथ किया जा रहा है।</u>

**7—** आवेदक अलका जैन (आ.सा.—1) द्वारा उसके न्यायालयीन कथन में यह व्यक्त किया गया है कि स्व. रविन्द्र जैन उसके पति थे, जिनकी मृत्यु दिनांक 21.12.16 को हो गई है। उसके पति उनकी मृत्यु के पूर्व तक इन्दौर के स्थायी रूप से निवासी थे। उसके पति स्व. रविन्द्र जैन की माता श्रीमती लाड़कुमारी जैन तथा पिता श्री मानसिंह जैन का भी स्वर्गवास हो चुका है। अनावेदक क्रमांक 2 तथा 3 क्रमशः रोनक जैन व अनुज जैन उसके व मृतक रविन्द्र जैन के पुत्रगण है। उसके व अनावेदक क्रमांक 2 व 3 के अतिरिक्त स्व. रविन्द्र जैन के अन्य कोई प्रथम पंक्ति के वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा उक्त संबंध में मृतक रविन्द्र जैन का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदर्श पी—1, आधार कार्ड प्रदर्श पी—2 प्रस्तुत

7/4/26

किया है। यह दर्शित होता है कि आवेदक, स्व. रविन्द्र जैन की पत्नि है एवं अनावेदक क्रमांक 2 व 3 स्व. रविन्द्र जैन के पुत्र हैं। अनावेदक क्रमांक 2 व 3 द्वारा आवेदक के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में कोई आपत्ति व्यक्त नहीं की है। आवेदक हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की अनुसूची के वर्ग–1 की वारिस है। अतः यह प्रमाणित पाया जाता है कि आवेदक, मृतक स्व. रविन्द्र जैन की विधिक उत्तराधिकारी है।

**8–** अलका जैन (आ.सा.–1) द्वारा आगे यह व्यक्त किया है कि उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के द्वारा उनके जीवनकाल में विभिन्न कंपनियों के शेयर अलग–अलग शेयर सर्टिफिकेट के माध्यम से क्रय किये गये हैं। उसके पति द्वारा आदित्य बिड़ला केपिटल लिमिटेड कंपनी का शेयर जिसका फोलियो क्रमांक एबीसी0336454 है, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–3 है। आदित्य बिड़ला फेशन एण्ड रिटेल लिमिटेड के पांच शेयर जिनका फोलियो नंबर 0035052 है, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–4 है। इसी प्रकार एग्रीटेड इंडिया लिमिटेड कंपनी के 20 शेयर हैं, जिनका फोलियो नंबर 0005661 है तथा शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–5 है। इसी प्रकार अंजनी साल्वेंट इंडिया लिमिटेड कंपनी के कुल 500 शेयर्स हैं, उक्त शेयर्स के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 07.03.1994 को भगवानदास गोरधनदास शाह के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 31.10.1996 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो क्रमांक 3173 पर ट्रांसफर किये गये, जिनके शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–6 लगायत प्रदर्श पी–10 हैं। उक्त समस्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम और फोलियो नंबर अंकित है।

**9–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि इसी प्रकार ऑलसीजन फूड्स लिमिटेड कंपनी के 45 शेयर्स हैं, जिनका फोलियो क्रमांक आरई010519 है, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–11 है। इसी प्रकार बैरिल ड्रग्स लि0 कंपनी के 100 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 26.08.1994 को अनुपम पाठक के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 31.03.1996 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो क्रमांक 9433 पर ट्रांसफर किये गये, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–12 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियो नंबर अंकित है। भगवती आटोकास्ट लि0 के 12 शेयर हैं, जिनका फोलिया नंबर आर/00365 है, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–13 है। उसके पति के नाम से भारत एलम्स एंड केमिकल लि0 के 10, 1 इस प्रकार कुल 11 शेयर्स हैं, जिसका फोलिया नं. आर–357 है एवं शेयर सर्टिफिकेट क्रमशः प्रदर्श पी–14 व प्रदर्श पी–15 है। बिनानी जिंक लि0 के 11 शेयर्स हैं, जिनका फोलियो नं. 00079119 है एवं शेयर सर्टिफिकेट

7/4/26

प्रदर्श पी–16 है। क्रोम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिक लि0 कंपनी के 61 शेयर्स हैं, जिनका फोलियो नं. सी.जी.सी.0120615 है एवं शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–17 है। इसी प्रकार क्रोम्पटन ग्रीव्स लि0 कंपनी के 25, 10, 26 इस प्रकार कुल 61 शेयर्स है, जिनका फोलियो नंबर 0062190 है एवं जिनके शेयर सर्टिफिकेट क्रमशः प्रदर्श पी–18 लगायत प्रदर्श पी–20 हैं। इसी प्रकार डी.एफ.कुलकर्णी डेवलपर्स लि0 कंपनी के 60 शेयर्स है, जिनका फोलियो नं. आर00963 है एवं जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–21 है। इसी प्रकार डिजाइन ऑटो सिस्टम लि0 कंपनी के 100 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 11.07.1994 को श्री संजीव परसोत्तमदास छापनेरी के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 10.09.1997 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो क्रमांक 21018 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–22 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है।

**10–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि इसी प्रकार फर्स्ट लीजिंग कंपनी ऑफ इंडिया लि0 के 25 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 23.11.1983 को श्रीमती मनोरमा सोलंकी के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 08.07.1985 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो क्रमांक आर.1057 पर ट्रांसफर किये गये, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–23 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियो नंबर अंकित है। ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी का एक शेयर जिसका फोलियो नंबर जी.आर.ए.0321462 है एवं शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–24 है। इसी प्रकार एच–लोन होजयरी लि0 कंपनी के 100 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 21.12.1992 को विजय कुमार जैन के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 28.02.1997 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो क्रमांक 45141 पर ट्रांसफर किये गये, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–25 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियो नंबर अंकित है। इसी प्रकार एच–लोन होजयरी लि0 कंपनी के 100 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 21.12.1992 को शशि कुमार जैन के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 28.02. 1997 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो क्रमांक 45141 पर ट्रांसफर किये गये, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–26 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियो नंबर अंकित है।

**11–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि इसी प्रकार एच–लोन होजयरी लि0 कंपनी के 100,100 शेयर्स इस प्रकार कुल 200 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 21.12.1992 को सरूप सिंह कोहली के नाम से जारी

7/4/26

किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 28.02.1997 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 45141 पर ट्रांसफर किये गये जिनके शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–27 एवं प्रदर्श पी–28 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार एच–लोन होजयरी लि0 कंपनी के 100 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 21.12.1992 को मनोज सिंघानिया के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 28.02.1997 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 45141 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–29 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार एच–लोन होजयरी लि0 कंपनी के 100, 100, 100, 100, 100 शेयर्स हैं इस प्रकार कुल 500 शेयर्स है, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 21.12.1992 को योगिनी एम सहिता तथा अमित एम सहिता के संयुक्त नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 28.02.1997 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 45141 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–30 लगायत प्रदर्श पी–34 है। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है।

**12–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि उसके पति के नाम पर इंटेग्रा इंजीनियरिंग इंडिया लि0 कंपनी के 15 शेयर्स हैं, जिनका फोलिया कमांक आर.01972 है एवं जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–35 है। इसी प्रकार इंटेग्रा इंजीनियरिंग इंडिया लि0 कंपनी के अन्य और 30 शेयर्स हैं, जिनका फोलिया कमांक आर.01345 है एवं जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–36 है। इसी प्रकार इंटेरॉड्स एक्सपोर्ट लि0 कंपनी के 100, 100 इस प्रकार कुल 200 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 17.07.1995 को शिल्पा एस मोदी तथा प्रेमकुमार एस मोदी के संयुक्त नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 30.09.1996 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 1039 पर ट्रांसफर किये गये, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–37 व प्रदर्श पी–38 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार जनक टर्बो डायनामिक्स लि0 कंपनी के 100, 100, 100 इस प्रकार कुल 300 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 11.07.1994 को दीपा जे भेडा के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 15.09.1995 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 13253 पर ट्रांसफर किये गये, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–39 लगायत प्रदर्श पी–41 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियो नंबर अंकित है। इसी प्रकार जोनास वुड हेड एंड संस इंडिया लि0 कंपनी के 25 शेयर्स हैं, उक्त

7/4/26

शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 07.12.1979 को मेसर्स रांणे(मद्रास) लि0 maithri के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 07.12.1979 को ही उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक जे.ए–43 पर ट्रांसफर किये गये, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–42 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियो नंबर अंकित है। उसके पति के नाम से एल.डी. टेक्सटाइल इंडिस्ट्रीज लि0 कंपनी के 25 शेयर्स हैं, जिनका फोलियो नं. आर.01191 है एवं जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–43 है।

**13–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि इसी प्रकार लोहिया मशीनस् लि0 कंपनी के, जिसका वर्तमान नाम एल.एम.एल. लिमिटेड है, के 6 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 01.07.1985 को श्री भारत आर ठक्कर तथा श्रीमती चंद्रिका बी ठक्कर के संयुक्त नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 07.02. 1992 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 242252 पर ट्रांसफर किये गये, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–44 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार लोहिया मशीनस् लि0 कंपनी के, जिसका वर्तमान नाम एल.एम.एल. लिमिटेड है, के 3, 2, 2, 2, 2, 2, 2, 2, 2, 2 इस प्रकार कुल 23 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 08.01.1986 को श्री भारत ठक्कर तथा श्रीमती चंद्रिका ठक्कर के संयुक्त नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 07.02.1992 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 242252 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–45 लगायत प्रदर्श पी–55 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार लोहिया मशीनस् लि0 कंपनी के, जिसका वर्तमान नाम एल.एम.एल. लिमिटेड है, के 4 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 15.03.1986 को श्री भारत आर ठक्कर तथा श्रीमती चंद्रिका बी ठक्कर के संयुक्त नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 07.02. 1992 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 242252 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–56 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है।

**14–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि उसके पति के नाम पर एम. पी.यूनी–मेग्ना–टेक लि0 कंपनी के 50 शेयर्स है, जिनका फोलिया नं. आर–500 है, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–57 है। उसके पति के नाम पर एम.पी.यूनी–मेग्ना–टेक लि0 कंपनी के 50 शेयर्स है, जिनका फोलिया नं. एम.टी.आर–500 है, जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–58 है। इसी प्रकार मेक इंडस्ट्रीज लि0 कंपनी के 100 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के



7/4/26

संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 12.12.1992 को श्री सरिथा विनय कुमार के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 31.08.1996 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 05048580 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–59 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार माहेश्वरी प्रोटींस लि0 कंपनी के 50 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 29.01.1985 को श्री अमृतलाल केशवलाल छोवतिया के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 20.11.1988 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक आर–3853 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–60 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार मारूती सिनटेक्स इंडिया लि0 कंपनी के 100 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 13.10.1992 को प्रेमलता बी शाह के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 30.12.1995 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 54991 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–61 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार मारूती सिनटेक्स इंडिया लि0 कंपनी के 100 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 13.10.1992 को रमेश एम शाह के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 30.12.1995 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 54991 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–62 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है।

**15–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि इसी प्रकार मेटलमेन पाइप मेन्यूफेक्चरिंग कंपनी लि0 के 100 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 29.09.1986 को मिलिंद हेमंत कोटक तथा मंदाकिनी हेमंत कोट के संयुक्त नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 30.10.1990 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक एम.एम–6497 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–63 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियो नंबर अंकित है। मिडवेस्ट लीजिंग लि0 कंपनी के कमशः 25, 1, जिनके फोलियो कमांक कमशः 16290 तथा 016290 हैं एवं जिनके शेयर सर्टिफिकेट कमशः प्रदर्श पी–64 व प्रदर्श पी–65 हैं। इसी प्रकार नागार्जुना फायनेंस लि0 कंपनी के 50, 25, 25, 25, 25 शेयर्स इस प्रकार 150 शेयर्स हैं, उक्त शेयर्स के संबंध में जारी शेयर सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 06.07.1983 को कमशः श्री श्रीकांत दत्तात्रेय वाघ व श्रीमती श्रीकांत विजय वाघ

7/4/26

के फोलियो कमांक एन.एफ.एस.00056 पर, श्रीमती संतोष मुंदडा के फोलियो कमांक एन.एफ.एस.00958 पर श्री स्थानु सुरेश थम्पी के नाम पर उनके फोलियो कमांक एन.एफ.एस.03444 पर, श्री अरूण जैन व श्री सुशील गोयल के नाम पर उनके फोलियो कमांक एन.एफ.ए.01419 पर तथा कुमारी सुमन अग्रवाल के नाम पर उनके फोलियो कमांक एन.एफ.एस.03912 पर जारी किये गये थे, पश्चात् में उक्त समस्त सर्टिफिकेट दिनांक 28.01.1988 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक एन.एफ.आर.4879 पर ट्रांसफर किये गये, उक्त समस्त शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–66 से लगायत प्रदर्श पी–70 है। उक्त समस्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है।

**16–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि नाथ बायो–जैनस् इंडिया लिमिटेड कंपनी के 22 शेयर्स है, जिनका फोलिया कमांक 0005661 है एवं जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–71 है इसी प्रकार नोवा स्टील इंडिया कंपनी लि0 के 100 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 02.12.1994 को धनराज जैन के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 21.06.1996 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 169050 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–72 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार स्वोजास प्लास्टिक इंडस्ट्रीज लि0 कंपनी, जिसका वर्तमान नाम पेकटेक इंडस्ट्रीज लि0 हो गया है, के 100,100 शेयर्स इस प्रकार कुल 200 शेयर्स हैं, उक्त शेयर्स के संबंध में जारी शेयर सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 25.11.1992 को कमशः श्री हितेन्द्र कुमार पी जैन के नाम से उनके फोलियो कमांक 00196029 पर तथा कुशाकुमार रायापुडी के नाम से फोलियो कमांक 00189898 पर जारी किये गये थे, पश्चात् में उक्त दोनों सर्टिफिकेट दिनांक 18.09.1995 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 251705 पर ट्रांसफर किये गये, उक्त दोनों शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–73 से लगायत प्रदर्श पी–74 है तथा उक्त दोनों सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार प्रीमियर प्लांटेशन लि0 कंपनी के 100 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 02.04. 1992 को नीरू बेन शाह तथा भाविन शाह के संयुक्त नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 02.01.1997 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 061212 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–75 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है।

**17–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि इसी प्रकार प्रीमा एग्रो प्रोडक्ट लि0 कंपनी के 100, 100, 100 शेयर्स इसप्रकार कुल 300 शेयर्स हैं, उक्त शेयर्स के संबंध में



7/4/26

जारी शेयर सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 20.10.1993 को कमशः श्री लालू खुत के नाम से उनके फोलियो कमांक 026524 पर, श्री लालू भंवर खुत के नाम से फोलियो कमांक 026531 पर तथा श्री घनश्याम भाई पटेल के नाम से उनके फोलियो कमांक 019342 पर जारी किये गये थे, पश्चात् में उक्त समस्त सर्टिफिकेट दिनांक 26.09.1995 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 44514 पर ट्रांसफर किये गये, उक्त समस्त शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–76 से लगायत प्रदर्श पी–78 है तथा उक्त समस्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार मनोज सर्जिकल इंडस्ट्रीज लि0, जिसका वर्तमान नाम राज मेडिसेफ इंडिया लि0 है के कमशः 100, 100, 100, 100, 100 इस प्रकार 500 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 28.04.1994 को रामावतार जोशी के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 21.09.1998 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 013607 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट कमशः प्रदर्श पी–79 लगायत प्रदर्श पी–83 हैं। उक्त समस्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार रतन वनस्पति लि0 कंपनी के कमशः 100, 100, 100, 100, 100 इस प्रकार 500 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 07.09.1994 का पेनवेल ट्रेडर्स लिमिटेड के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 10.10.1995 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 4059 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट कमशः प्रदर्श पी–84 लगायत प्रदर्श पी–88 हैं। उक्त समस्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है।

**18–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि इसी प्रकार रियल वेल्यू अप्लायेंस लि0 कंपनी के 100,100,100,100,100 इस प्रकार कुल 500 शेयर्स हैं, उक्त शेयर्स के संबंध में जारी शेयर सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 20.01.1993 को कमशः श्री शिवप्रसाद छत्रे के नाम से उनके फोलियो कमांक आर.बी.एस.01782 पर, गायत्री देव तथा नरेश कुमार गुप्ता के नाम से उनके फोलियो कमांक आर.बी.जी.02361 पर, दिनांक 07.11.1994 को श्री केनरा बैंक ट्रस्टी केन बैंक म्यूचल फंड के नाम पर उनके फोलियो कमांक सी.11066 पर, दिनांक 16.05.1995 को मोर्गन स्टेनली असेट मैनेजमेंट के नाम पर उनके फोलियो कमांक एम. 11214 पर जारी किये गये थे, पश्चात् में उक्त समस्त सर्टिफिकेट दिनांक 24.02.1997 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक आर.12324 पर ट्रांसफर किये गये, उक्त समस्त शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–89 से लगायत प्रदर्श पी–93 है। उक्त समस्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लि0 कंपनी के कमशः 5, 10, 5 शेयर्स है, जिनके फोलियो

7/4/26

क्रमांक क्रमशः 012420536 तथा 12420536 हैं एवं जिनके शेयर सर्टिफिकेट क्रमशः प्रदर्श पी–94 लगायत प्रदर्श पी–96 हैं। इसी प्रकार रॉस मुरारका फायनेंस लि0 कंपनी के क्रमशः 50, 50, 50, 50,50,50 इस प्रकार कुल 300 शेयर्स हैं, उक्त शेयर्स के संबंध में जारी शेयर सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 26.03.1992 को क्रमशः श्री कुलवंतसिंह के नाम से उनके फोलियो क्रमांक के.44131 पर तथा दिनांक 22.08.1986 को रॉस मुरारका इंडिया लि0 के नाम से उनके फोलियो क्रमांक आर.एम.आर.00001 पर जारी किये गये थे, पश्चात् में उक्त समस्त सर्टिफिकेट दिनांक 10.11.1994 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो क्रमांक आर.66172 पर ट्रांसफर किये गये, उक्त समस्त शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–97 से लगायत प्रदर्श पी–102 है। उक्त समस्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है।

**19–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि सिजबेरिआ इंडस्ट्रीज लि0 कंपनी के 20 शेयर्स है, जिसका फोलियो क्रमांक 1000100 है एवं जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–103 है। स्वराज माजदा लि0 कंपनी जिसका वर्तमान नाम एसएमएल आईसूजू लि0 है, के क्रमशः 50, 50 शेयर्स इस प्रकार कुल 100 शेयर्स हैं, जिनके फोलियो क्रमांक एस.डब्ल्यू. 5448 है, जिनके शेयर सर्टिफिकेट क्रमशः प्रदर्श पी–104 तथा प्रदर्श पी–105 है। इसी प्रकार स्टर्लिंग काकर्सेंड ब्रिक्स लि0 कंपनी के 100,100,100,100,100,100,100,100,100,100 शेयर्स इस प्रकार 1000 शेयर्स हैं, उक्त शेयर्स के संबंध में जारी शेयर सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 18.01.1994 को क्रमशः श्री सुशील कुमार जैन के नाम से उनके फोलियो क्रमांक 6182 पर, श्री त्रिलोकचंद्र जैन के नाम पर उनके फोलियो क्रमांक 6102 पर, श्री सुरेश जैन के नाम पर उनके फोलियो क्रमांक 4276 पर, प्रमिला के नाम पर उनके फोलियो क्रमांक 5497, श्रीमती इंदिरा रमेशचंद्र शाह के नाम से उनके फोलियो क्रमांक 1524 पर तथा श्री राधेश्याम माहेश्वरी के नाम पर उनके फोलियो क्रमांक 4099 पर जारी किये गये थे, पश्चात् में उक्त समस्त सर्टिफिकेट दिनांक 30.09.1996 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो क्रमांक आर–5282 पर ट्रांसफर किये गये, उक्त समस्त शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–106 से लगायत प्रदर्श पी–115 है। उक्त समस्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार सूर्या इंडस्ट्रीयल कारपोरेशन लि0 कंपनी के 100 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 03.11.1995 को आशा अग्रवाल तथा कैलाश अग्रवाल के संयुक्त नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 16.10.1996 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो क्रमांक 741 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–116 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। नाथ सीड्स लि0 कंपनी जिसका वर्तमान

7/4/26

नाम टेक इंडिया निर्माण लि० है, के 58 शेयर्स जिसका फोलियो कमांक 0005661 है एवं जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–117 है।

**20–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि इसी प्रकार ट्रेंड इलेक्टोनिक्स लि० कंपनी के 100 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 24.03.1990 को मंजू खेमकाई के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 30.11.1991 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक आर–6706 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–118 हैं। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार यू.सी.ए.एल. पॉवर सिस्टम लि० कंपनी के 100,100,100,100, शेयर्स इस प्रकार 400 शेयर्स हैं, उक्त शेयर्स के संबंध में जारी शेयर सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 10.02.1994 को कमशः श्री जशवंत लाल नगीनदास गांधी के नाम से उनके फोलियो कमांक 00015408 पर, श्री अशोक सी जैन के नाम पर उनके फोलियो कमांक 00017873 पर, श्री हरीबाई पी सिंधी के नाम पर उनके फोलियो कमांक 00021562 पर, श्री सुनील जशवंतलाल गांधी के नाम पर उनके फोलियो कमांक 00015409, पर जारी किये गये थे, पश्चात् में उक्त समस्त सर्टिफिकेट दिनांक 29.09.1995 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 30060 पर ट्रांसफर किये गये, उक्त समस्त शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–119 से लगायत प्रदर्श पी–122 है। उक्त समस्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है।

**21–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि इसी प्रकार यूनीलिव फूड्स लि० कंपनी के कमशः 100, 100 इस प्रकार कुल 200 शेयर्स हैं, उक्त शेयर के संबंध में प्रस्तुत सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 08.04.1995 को प्रेरणा इंडस्ट्रीज लि० के नाम से जारी किये गये थे, पश्चात् में दिनांक 31.05.1997 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक 00008556 पर ट्रांसफर किये गये जिसका शेयर सर्टिफिकेट कमशः प्रदर्श पी–123 तथा प्रदर्श पी–124 है। उक्त सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। इसी प्रकार वित्त माजदा लि० कंपनी के 100,100,100 शेयर्स इस प्रकार 300 शेयर्स हैं, उक्त शेयर्स के संबंध में जारी शेयर सर्टिफिकेट प्रारंभ में दिनांक 24.04.1986 को कमशः श्री अजैया मधुकर मदन तथा श्रीमती विद्या अजैया मदन के संयुक्त नाम से उनके फोलियो कमांक वी.एम.ए.00141 पर तथा दिनांक 07.08.1993 को केरसी केइखूशरू डेबू के नाम पर उनके फोलियो कमांक के.00001 पर जारी किये गये थे, पश्चात् में उक्त समस्त सर्टिफिकेट दिनांक 05.10.1995 को उसके पति स्व. रविन्द्र जैन के नाम पर फोलियो कमांक आर–3861 पर ट्रांसफर किये गये, उक्त समस्त शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–125 से लगायत प्रदर्श पी–127 है। उक्त समस्त

7/4/26

सर्टिफिकेट के पृष्ठ भाग के ए से ए भाग पर मृतक रविन्द्र जैन का नाम एवं फोलियों नंबर अंकित है। जैनिथ लि0 कंपनी के क्रमशः 50, 50, 50 शेयर्स इस प्रकार कुल 150 शेयर्स जिनके फोलियो क्रमांक आर.05096 हैं एवं जिनके शेयर सर्टिफिकेट क्रमशः प्रदर्श पी–128 लगायत प्रदर्श पी–130 है। इसी प्रकार रिलायंस पॉवर लि0 कंपनी का एक शेयर है, जिसका फोलियो क्रमांक 207330189 है एवं जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–131 है। प्राइम सिक्यूरिटीज लि0 कंपनी के 200 शेयर्स हैं, जिसका फोलियों क्रमांक आर.10653 है एवं जिसका शेयर सर्टिफिकेट प्रदर्श पी–132 है।

**22–** उक्त साक्षी ने आगे यह व्यक्त किया कि उसे उपरोक्त उल्लेखित समस्त कंपनियों के शेयर्स के संबंध में कार्पोरेट एक्शन के अंतर्गत जो भी बोनस, डिविडेंड आदि दिये गये हो, वह भी दिलवाये जाने की सहायता दी जावे। उसके द्वारा इस प्रकरण में सर्वसाधारण की उपस्थिति हेतु प्रकाशन जिस समाचार पत्र में किया गया था, वह समाचारपत्र की प्रति प्रदर्श पी–133 है, जिसके ए से ए भाग पर उक्त प्रकाशन का उल्लेख है। उपरोक्त उल्लेखित समस्त शेयर्स उसके पति स्व. रविन्द्र जैन ने उनके जीवनकाल में क्रय किये थे तथा जब उसके द्वारा उक्त शेयर्स उसके नाम पर ट्रांसफर करने हेतु उक्त कंपनियों में निवेदन किया गया तो उपरोक्त कंपनियों द्वारा उसे न्यायालय से उत्तराधिकार प्रमाणपत्र लाने के लिए मौखिक रूप से कहा गया, इस कारण उसके द्वारा यह आवेदन पेश किया गया है।

**23–** प्रकरण में आवेदक के साक्ष्य का कोई खण्डन अभिलेख पर नहीं है। हस्तगत प्रकरण में आवेदक द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गई है, जहां सर्वोत्तम हकदार व्यक्ति का विचार किया जाता है। मृतक रविन्द्र जैन के पुत्रगण अनावेदक क्रमांक 2 व 3 ने आवेदक के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में कोई आपत्ति व्यक्त नहीं की है। आवेदक अलका जैन, मृतक रविन्द्र जैन के उपरोक्त शेयर्स के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने का हकदार दर्शित होता है। अतः यह प्रमाणित पाया जाता है कि आवेदक, मृतक रविन्द्र जैन की मृत्यु के उपरांत मृतक द्वारा आदेश की कंडिका 2 अनुसार क्रय किये गये विभिन्न कंपनियों के शेयर्स के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने का अधिकारी है।

## <u>सहायता एवं व्यय</u>

**24–** अतः आवेदक का हस्तगत आवेदन स्वीकार कर आदेशित किया जाता है कि यदि आवेदक, श्री रविन्द्र जैन के आदेश की कंडिका 2 में वर्णित शेयर्स की वर्तमान मूल्य पर **बंधपत्र** इस आशय का प्रस्तुत करें कि यदि किसी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किसी प्राधिकृत व्यक्ति को उत्तराधिकारी नियुक्त किया जाता है तो वह उसे राशि देने के लिये तैयार



7|4|26

रहेगी तथा आदेश की कंडिका 2 में वर्णित शेयर्स के वर्तमान मूल्य पर **विधि अनुसार न्यायशुल्क** प्रस्तुत करें तो आवेदक के पक्ष में स्व. श्री रविन्द्र जैन के आदेश की कंडिका 2 में वर्णित शेयर्स के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जाये।

**25–** उभयपक्ष अपना–अपना व्यय वहन करेंगे।

**26–** अन्य चल व अचल संपत्ति के संबंध में यह आदेश प्रभावी नहीं होगा।

आदेश खुले न्यायालय में हस्ताक्षरित
दिनांकित कर उद्घोषित किया गया।

7/4/26
**(चैतन्य अनुभव चौबे)**
बारहवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
इन्दौर, म0प्र0

मेरे बोलने पर टंकित।

7/4/26
**(चैतन्य अनुभव चौबे)**
बारहवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
इन्दौर, म0प्र0